By fax
10.10.11

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

नई दिल्ली
10 अक्तूबर, 2011

प्रिय श्री अन्ना हजारे जी,

आपके 21 सितंबर, 2011 के पत्र के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि आपने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचारों से मुझे अवगत कराया।

जैसा कि आप जानते हैं, हम एक सशक्त लोकपाल कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में हम इसमें सफल हो जाएंगे। तथापि, हमारी सरकार भ्रष्टाचार से लड़ने और शासन में सुधार लाने के लिए एक व्यापक एजेंडा पर भी काम कर रही है। इसमें कई कानूनी, कार्यकारी और तकनीकी पहलों को शामिल किया जाएगा। लोकपाल की स्थापना इस व्यापक एजेंडा का ही एक हिस्सा है।

हमारी सरकार चुनाव सुधारों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर भी सक्रियता से विचार कर रही है। जिन अनेक प्रस्तावों पर ध्यान दिया जा रहा है उनमें से "राइट टू रिजेक्ट" के प्रस्ताव का आपने उल्लेख किया है। एक लोकतांत्रिक समाज में कुछ मुद्दों पर राजनीतिक सहमति जरूरी होती है। हम चुनाव सुधारों के कई प्रस्तावों पर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करना चाहते हैं और उन प्रस्तावों पर आगे कार्रवाई करना चाहते हैं जिन पर मोटे तौर पर सहमति बनती है।

ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के बारे में मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम संविधान के 73वें एवं 74वें संशोधनों के कार्यान्वयन को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लगातार यही प्रयास है कि हम ग्राम सभाओं को सही मायने में अधिकार संपन्न बनाने के सपने को पूरा करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करें।

आपके सुझावों के लिए मै आपको पुनः धन्यवाद देता हूं।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

मनमोहन सिंह
(मनमोहन सिंह)

श्री अन्ना हजारे
रालेगण सिद्धी
तालुका पारनेर
जिला अहमदनगर
महाराष्ट्र – 414302